# खुलासा : लूटपाट के धराये आरोपी

**खास बातें**

- गंजबासौदा पुलिस ने बदमाशों को किया गिरफ्तार
- लगातार हो रही चोरियों से नागरिक परेशान



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, 16 जुलाई. गंजबासौदा में बढ़ते अपराध को लेकर नागरिक चिंतित हैं.वहीं दूसरी पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों को लगातार पकड़ भी रही है.स्थिति यह है तू डाल डाल मैं पात पात, हाल ही में पुलिस ने एक व्यापारी के साथ लूटपाट करने के आरोपी गिरफ्तार कर लिया है और उससे एक लाख से अधिक रुपए बरामद भी कर लिए हैं, परंतु चोरों के हौसले बुलंद हैं. वह लगातार अपराधों को अंजाम दे रहे हैं, चोरियां हो रही है.वाहन अधिक मात्रा में चोरी हो रहे हैं.**

सार्वजनिक स्थलों से सरेआम वाहन चला कर रफू चक्कर हो जाते अब तो हालत यह है की घरों के अंदर घुसकर चोर जो मिलता है वह उठाकर चलते बनते हैं नालिया गटर रैंप पर लगी लोहे की जालियां तक उखाड़ कर ले जाते हैं.लोहे के साइन बोर्ड उखाड़कर हाथ ठेला में रखकर ले जाते हैं.चोर बदमाश रात भर घूमते हैं.गली कूचों में यहां पुलिस कभी गस्त नहीं करती चोरों को लोग रातों का राजा कहने लगे हैं पुलिस का भय नहीं रहा है बरेठ रोड स्थित नवीन बस स्टैंड पर शाम होते ही अपराधियों का जमघट लग जाता है.

गुमठियों में दुकानों में फाटक गिराकर रात भर बैठे रहते हैं और वहां से अवैध कारोबार करते हैं कुछ लोगों ने वहां ठिकाने बना रखे हैं वह मुंह मांगा किराया भी देते हैं.उनके रहने भोजन की व्यवस्था भी वहां रहती है. रात्रि में शराब सलाद नमकीन सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध होती है.इन बदमाशों से कुछ तथा कथित टपोरी टाइप के नेता भी मिले रहते हैं यह उन्हें पूरा संरक्षण देते हैं.

### बिकते हैं अवैध हथियार

अवैध हथियार भी यहां बिकते हैं गांजा खुलेआम बिकता है.गुमठियों पर लोग आते हैं और ले जाते हैं कुछ लोग पूरे बाजार में घूम कर बेचते हैं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक स्टेशन रोड के निकट भी अवैध कारोबार चलता है. बाहरी लोग भी बड़ी संख्या में यहां आते हैं और इस अवैध कारोबार में सहयोग करते हैं.

### कृषि मंडी के बाहर खुली शराब दुकान

कृषि उपज मंडी के बाहर प्रशासन ने शराब की दुकान खुलवा दी है जहां गरीब मजदूर नशे की हालत में पड़े रहते हैं लगभग आधा दर्जन लोगों की शराब पीने से मौत भी हो चुकी है पुरानी कृषि उपज मंडी की भी यही हालत है यहां से लगभग एक करोड़ की सामग्री तोड़फोड़ कर चोर ले गए कोई देखने सुनने वाला नहीं है.पुराने न्यायालय में भी यही स्थिति है शासन प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए.

# बिजली चोरी पकड़ने गए अमले से बदसलूकी

- मोहल्ले के लोगों ने महिलाओं से बदसलूकी का लगाया आरोप
- विद्युत कंपनी के अधिकारी ने पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया



नवभारत न्यूज

**सीहोर, 16 जुलाई. शहर के घरों में स्मार्ट मीटर लगा रही विद्युत वितरण कंपनी के प्रति लोगों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है. बुधवार को कस्बा क्षेत्र स्थित मेवातीपुरा में एक घर पर चैकिंग करने पहुंचे विद्युत कंपनी के अधिकारियों से स्थानीय लोगों ने उस समय बदसलूकी कर दी जब वह बिजली चोरी का पंचनामा बना रहे थे. लोगों ने अधिकारी का मोबाइल भी छीन लिया.**

इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विद्युत कंपनी के अधिकारियों की शिकायत की तो लोगों की बदसलूकी का शिकार बने अधिकारी ने थाना कोतवाली में घटना को लेकर प्रकरण दर्ज कराया है. शहर के वार्ड क्रमांक 20 के मेवातीपुरा में बीते दिनों विद्युत कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं. बताया जाता है कि बुधवार को विद्युत कंपनी के सहायक यंत्री अतुलेश सिंह अमले के साथ चैकिंग करने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने एक घर में मीटर से जा रही सर्विस लाईन को चैक किया तो उसमें कट नजर आया. उनके निर्देश पर कर्मचारी ने घर की छत पर जाकर केबल काटी और लेकर नीचे आ गया. तब तक वहां पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. बताया जाता है कि जब सहायक यंत्री अतुलेश सिंह बिजली चोरी का प्रकरण तैयार करने मोबाइल पर पंचनामा बना रहे थे तभी वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ झूमाझटकी कर दी. इतना ही नहीं उनका मोबाइल भी छीन लिया.

### पूर्व में भी हो चुकी हैं मीटर तोड़ने व मारपीट की घटनाएं

शहर में जब से बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों व दुकानों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तब से ही लोगों में इसे लेकर आक्रोश देखा रहा है. नागरिकों की मानें तो जब से उनके घरों पर स्मार्ट मीटर लगे हैं. बिल की राशि में तीन से चार गुना बढ़ोत्तरी हो गई है. लगातार बढ़ते विरोध के बीच जहां एक युवक ने स्मार्ट मीटर तोड़कर विरोध जताया था तो कई जगह कर्मचारियों के साथ हाथापाई भी हो चुकी है. नतीजतन जनाक्रोश को देखते हुए विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए गनमैन तैनात कर दिए थे. जिसको लेकर कांग्रेस ने विद्युत कंपनी को आड़े हाथों लिया था.

# बोलेरो से 72 लीटर अवैध शराब बरामद

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ, 16 जुलाई. पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में इन दिनों 30 जुलाई तक नशामुक्ति अभियान जिले के सभी पुलिस थाना एवं चौकियों में चलाया जा रहा है जिसकी शुरूआत बीते रोज मंगलवार 15 जुलाई से हुई थी। जिसके चलते बल्देवगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफ लता हासिल की है। ग्राम गुखराई में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही की। जिसमें एक बुलेरो वाहन से 72 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।**




पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में की गई इस कार्यवाही में 8 पेटी देसी मदिरा 400 क्वार्टर जब्त की गई। बरामद शराब की कीमत 28.000 रुपए है। वाहन की कीमत 6 लाख रुपये आंकी गई है। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि पुलिस को देखकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गवाहों ने फरार आरोपी की पहचान छोटू सिंह बुंदेला के रूप में की है।

## चलती ट्रेन से नीचे गिरा युवक, दोनों पैर कटे


**बैतूल.** बैतूल रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा स्टेशन के आगे अंडरब्रिज के पास हुआ, जहां युवक के दोनों पैर ट्रेन से कट गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। घायल युवक धार जिले के अमझेरा गांव का रहने वाला है। जितेंद्र मंडलोई अपने बहनोई के साथ संघमित्रा एक्सप्रेस से घोड़ाडोंगरी से बैतूल आ रहा था। घटना के चश्मदीद और युवक के बहनोई प्रदीप चौधरी ने बताया कि हादसे के वक्त वे दोनों ट्रेन के गेट पर खड़े थे। जैसे ही ट्रेन बैतूल स्टेशन के पास धीमी हुई, किसी ने अचानक उन्हें पीछे से धक्का दिया।

# हृदय व कैंसर रोगियों के लिए ओपीडी हुई शुरू

## विधायक ने किया शिविर का शुभारंभ, हर बुधवार-शुक्रवार मिलेगी विशेषज्ञ सेवाएँ

नवभारत न्यूज

**सागर, 16 जुलाई. हृदय और कैंसर रोगियों के लिए निशुल्क परामर्श एवं इलाज की ओपीडी का शुभारंभ किया गया. यह शिविर डॉ. राय हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ विधायक शैलेंद्र जैन ने किया.**



इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने कहा कि यह पहल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी और कहा किस्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवा को आमजन तक पहुँचाने का यह सराहनीय प्रयास है. जानकारी के अनुसार इस निशुल्क ओपीडी में दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश टिकादार मरीजों को परामर्श देंगे.

प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. टिकादार अब हर बुधवार, सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मकरोनिया स्थित डॉक्टर राय हॉस्पिटल में उपस्थित रहेंगे. उनकी देखरेख में ईसीजी, ईको, टीएमटी, हॉल्टर मॉनिटरिंग और पीएफटी जैसी जांचें पूरी तरह निशुल्क की जाएंग. साथ ही, हार्ट अटैक, हार्ट फेल, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, और पेसमेकर जैसे मामलों में इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा.

## एक नजर में



### स्कूल छात्राओं ने निकाली नशामुक्ति रैली

**बाड़ी, 16 जुलाई.** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने भोपाल में पोस्टर जारी करते हुए इस अभियान का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किशोर, युवा एवं अन्य नागरिकों को जागरूक करने और इसकी लत से दूर रहने के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है. मध्यप्रदेश को नशामुक्त करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं. इसी क्रम मे 15 से लेकर 30 जुलाई तक मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 'नशा मुक्ति अभियान-नशे से दूरी है जरूरी' चलाया जा रहा है. इसकी जानकारी देते हुए डीजीपी कैलाश मकवाना ने पोस्टर जारी किया और सभी से अपील की कि नशे से दूर रहें. उन्होंने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि नशे के दुष्प्रभावों से बच्चों, किशोर और युवाओं को अवगत कराएं और इससे बचाएं.

### बिजली की मांग को लेकर रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा.** अहमदपुर रोड पोल फैक्ट्री के पास सांईधाम कॉलोनी के रहवासी कलेक्टोरेट पहुंचे और विद्युत समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कॉलोनी का निर्माण हुए करीब 12 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक बिजली के खंभे नहीं लगे हैं जिसके कारण से लोगों को काफी दूर से बिजली की व्यवस्था करना पड़ रही है उन्होंने जल्द से जल्द विद्युत पोल लगाने की मांग की है .अहमदपुर रोड फैक्ट्री के पास सांई धाम कॉलोनी के रहवासी मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर के नाम आवेदन लेकर कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करने की मांग की.

### सड़कों को दुरुस्त कराने सौंपा गया ज्ञापन

**बीना.** खिमलासा गेट पर बन रहे ब्रिज की सर्विस रोड न बनने के कारण शहर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खिमलासा ब्रिज के पास सर्विस रोड शीघ्र बनवाने अंडर ब्रिज पर बनी सड़क को ठीक करने अंडर ब्रिज पर लाइटिंग करने,जल भराव रोकने तथा झांसी ओवर ब्रिज रोड अंडर ब्रिज रोड की मरम्मत करने तथा शहर की कचरा डिस्पोजल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने आदि समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा.



### शिव कथा एवं अभिषेक का आयोजन अनुकरणीय : परमार

**आष्टा.** श्रावण मास में स्वर्णकार समाज के तत्वाधान में पांच दिवसीय शिव कथा,पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक का आयोजन किया गया. पं. अशोक शर्मा ने संगीतमय शिव कथा प्रस्तुत की. प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कथावाचक पं. अशोक शर्मा का स्वागत कर शिव पुराण की पूजा अर्चना की. श्री परमार ने कहा कि पवित्र श्रावण मास सिर्फ महीना ही नहीं बल्कि एक महोत्सव है. इस पवित्र माह में स्वर्णकार समाज के धर्मनिष्ठ साडलीवाल परिवार ने शिव कथा और पार्थेश्वर शिवलिंग अभिषेक का आयोजन करके सभी श्रद्धालुओं को पुण्यार्जन का अवसर दिया. शिवकथा के आयोजक माखनलाल सोनी, दिनेश सोनी, धर्मेंद्र सोनी मोहित सोनी एवं परिजन ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया.

# विश्व प्लास्टिक मुक्त दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**गुना, 16 जुलाई. शासकीय कस्तरबा कन्या महाविद्यालय में विश्व प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति सजग करना और उन्हें पर्यावरण के प्रति अनुकूल व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित करना था।**



कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता जैन द्वारा सभी उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों व स्टाफ को प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रीति यादव, पूनम पारीक, कीर्ति सोनी, श्रीमती सोनू सिसोदिया एवं प्रशांत आर्य भी उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई।

प्राचार्या डॉ. जैन ने अपने संदेश में कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक पर नियंत्रण बेहद आवश्यक है। हमें अपने व्यवहार में छोटे-छोटे परिवर्तन लाकर बड़ा प्रभाव उत्पन्न करना होगा।

## 31 तक फसल बीमा के आवेदन जमा हो सकेंगे

**सीहोर.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है. फसल बीमा कराने के लिए किसान अपना आवेदन आधार कार्ड, बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं खरीफ के लिए निर्धारित बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला सहकारी बैंक मर्यादित तथा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कराकर आवेदन कर सकते हैं.




# जिला अस्पताल से डॉक्टर गायब, अटेंडेंस एप से

## डीआरपी स्कीम के 12 में से सिर्फ 2 डॉक्टर ड्यूटी पर

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 जुलाई, का. व्यवस्थाओं में सुधार लाने, नागरिकों सेवाओं को दुरूस्त और मुस्तैद करने के लिए शासन और प्रशासन द्वारा कई सुधार और नवाचार किए जा रहे है. इसी कड़ी में हाल ही में सार्थक एप के द्वारा अटेण्डेंस लगाने की परंपरा शुरू की गई है. लेकिन इस सार्थक एप्प और निरर्थक बनाने में कर्मचारी लगे हुए. ताजा मामला जिला अस्पताल में सामने आया है जहां जिला अस्पताल से डॉक्टर गायब मिले, उनकी हाजिरी बकायदा लगी है लेकिन कैसे यह सवाल है.**

साथ ही एक दूसरे की आईडी और लॉगिन करके उपस्थिति दर्ज करा रहे है लेकिन कार्यस्थल से गायब है. ऐसे में एप्प कितना सार्थक हो रहा है समझा जा सकता है. जिला अस्पताल काफी दिनों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से झुझ रहा है तो वही दूसरी ओर मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल तो पहुंच रहे हैं,लेकिन वहां निर्धारित डॉक्टर ही पूरे अस्पताल का काम पूरा करने को मजबूर है.

### नवभारत लाईव : घर पर डॉक्टर, हाजिरी सिस्टम में

नवभारत ने जब जिला अस्पताल में हकीकत की पड़ताल की, तो वहां पाया कि अस्पताल में डॉक्टरों की सार्थक ऐप पर डिजिटल हाजिरी तो भरी जा रही है लेकिन काम बिना किए ही वह डॉक्टर अपने घर आराम पर है. जानकारी के अनुसार कोई भी एक डॉक्टर अपने फोन में सार्थक ऐप को लॉगिंग कर अलग अलग आईडी से जिला अस्पताल की एक ही लोकेशन पर फोटो सेट कर हाजिरी भर दिया करते है ऐसे में सार्थक ऐप पर वह अटेंडेंस उनके फोटो के साथ लाइव बिल्कुल ओरिजनल दिखती है ऐसे में बिना अस्पताल आए ही उनकी हाजिरी मान्य हो जाती है.

## टीबी स्क्रीनिंग नए मोबाइल एप के तहत टीम ने किया जिले का भ्रमण

**नर्मदापुरम.** वाधवा ए आईं द्वारा कफ अगेंस्ट टीबी -एआई स्क्रीनिंग टूल बनाया है। एआई टूल के लिए जिला नर्मदापुरम एवं बैतूल को प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया है। यह टूल लक्षणों और सह-रुग्णताओं के साथ खांसी की ध्वनि का विश्लेषण करता है तथा पल्मनरी टीबी के लिए कम लागत वाली, पॉइंट-ऑफ-केयर स्क्रीनिंग टेस्ट प्रदान करता है।

बुधवार को दिल्ली एवं भोपाल से केंद्रीय एवं राज्य की संयुक्त टीम द्वारा इस टूल की मॉनिटरिंग के लिए नर्मदापुरम जिले का भ्रमण किया गया, टीम में शामिल डॉ शालिनी कपूर, आकांक्षा टिक्कू ओमकार पटेल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर रोहना, साँवलखेड़ा, जावली एवं आंचलखेड़ा का भ्रमण किया।

# नशा पूरे समाज को करता प्रभावित : थाना प्रभारी

## जनजागरुकता अभियान में स्कूली छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 16 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले वृहद जनजागरुकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत बुधवार को सलामतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा, महिला प्रधान आरक्षक विमला यादव और आरक्षक रोहित गोस्वामी और स्कूल प्राचार्य सहित स्टॉफ़ मौजूद रहा.**



पुलिस ने छात्र-छात्राओं को बताया कि स्वस्थ्य रहना है तो नशे से दूर रहना होगा. नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक हानि भी पहुंचाता है. सभी को नशामुक्त भारत बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई गई. सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है.

**निरीक्षण** | कलेक्टर ने जेएच कॉलेज में बीएलओ प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

# बीएलओ प्रशिक्षण प्राप्त करें, त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जाए : कलेक्टर

**बैतूल, 16 जुलाई. भारत निर्वाचन आयोग के नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार सभी बीएलओ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। मतदाता सूची तैयार करने, जरूरी दस्तावेजों को भरने और संकलन करने संबंधी बारीकियों को अच्छे से समझे।**



त्रुटिरहित और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करने के अपने दायित्व को तत्परता से निर्वहन करें। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री जेएच पीजी कॉलेज बैतूल में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल सभी बीएलओ से कहीं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया और सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे प्रमाणित और विश्वसनीय निर्वाचन प्रक्रिया भारत की हैं। जिसमें त्रुटिरहित मतदाता सूची की अहम भूमिका होती हैं। जिसे तैयार करने के दायित्वों को पहले भी आप सभी सफलता पूर्वक निभाया हैं।

### निर्वाचन कार्य से संबंधित जानकारी से किया अवगत

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची शुद्धीकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम जोड़ने से वंचित न रहे एवं अपात्र मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है, स्थानांतरण हो गया है, ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बीएलओ के कर्तव्य, एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों में निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक की जानकारी का सत्यापन करना, तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, फार्म-6, 7 व 8 एवं बीएलओ एप्प आदि के संबंध में बारीकियों से अवगत कराया गया।